बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

592
07/08/2020

आदेश

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में से एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन हेतु कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों की पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी थी । उक्त के आलोक में राज्य में विभिन्न केन्द्रों को कुशल युवा प्रोग्राम संचालित करने की अनुमति प्रदान की गयी थी। बिहार स्मृति सेवा संस्थान, समस्तीपुर कुशल युवा केन्द्र KYP Code02030043 के संबंध में Finger print impersonation से संबंधित मामले में शिकायत प्राप्त होने के उपरान्त संस्था से बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–1030 दिनांक–25.09.2019 के द्वारा संबंधित मामले में स्पष्टीकरण पूछा गया था। संस्था के द्वारा पूछे गये स्पष्टीकरण का जवाब उपलब्ध नहीं कराये जाने के उपरांत संस्था को बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–272 दिनांक–13.03.2020 के माध्यम से अंतिम रूप से स्मारित किया गया था। स्मार पत्र भेजे जाने के बावजूद संस्था के द्वारा अपना जवाब बिहार कौशल विकास मिशन को उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिससे स्वतः स्पष्ट है कि संस्था को स्पष्टीकरण में अंकित तथ्य स्वीकार्य है ।

अतः समीक्षो उपरान्त बिहार स्मृति सेवा संस्थान, समस्तीपुर कुशल युवा केन्द्र KYP Code02030043 के माह अगस्त, 2019 बैच के Final Invoice से 30% के राशि की कटौती किये जाने का आदेश दिया जाता है । मिशन प्रबंधक, वित्त एवं लेखा को आदेश दिया जाता है कि वे उक्त केन्द्र के अगस्त, 2019 बैच के Final Invoice से 30% की राशि की कटौती करना सुनिश्चित करें।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

(हस्ताक्षर) 05/8/2020

(चन्द्रशेखर सिंह,भा0प्र0से0)
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

पटना,दिनांक 07/08/2020

ज्ञापांक–BSDM/SDM–18/2017(खण्ड–1)– 592

प्रतिलिपि–
(1) बिहार स्मृति सेवा संस्थान, समस्तीपुर कुशल युवा केन्द्र KYP Code02030043 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।
(2) मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
(3) Project Director, MKCL/Project Director,E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
(4) मिशन प्रबंधक(वित्त एवं लेखा)/ मिशन प्रबंधक(समन्वय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवा हेतु प्रेषित ।
(5) जिला कौशल प्रबंधक,समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(हस्ताक्षर) 05/8/2020

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।